ताज़ा ख़बर बाढ़ और भारी बारिश से परेशान चीनियों पर अब नई आफत, तूफान 'हिगोस' दक्षिण

10:56:06 am
Thursday 20th August 2020,

मध्यप्रदेश टाइम्स
(https://madhyapradeshtimes.com)



(http://medlifeinternational.go2cloud.org/SHfd)

GO TO...



# भारत की आत्मनिर्भरता से तय होगा, कितना ऊंचा लहराता है देश की आजादी का झंडा: भारतीय उद्योग

Saturday 15th, August 2020 / 17:10


Category
अन्य
(https://madhyapradeshtimes.com/category/other/)

प्रायोजित खोजें
हिंदी न्युज
15
indian independence day

नयी दिल्ली, 15 अगस्त (भाषा) भारतीय उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियों ने शनिवार को कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता से तय होगा कि देश की आजादी का झंडा कितनी बुलंदी पर लहराता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की घोषणा का स्वागत किया। अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने ट्वीट किया, "प्रत्येक स्वतंत्रता दिवस उन लाखों शहीदों के लिए एक श्रद्धांजलि है, जिनकी बदौलत हमें आजादी मिली और हम एक स्वतंत्र और अवसरों से भरे देश में पैदा हुये और पल बढ़े हैं। अब से, हमारी आत्मनिर्भरता यह तय करेगी कि आजादी का यह झंडा कितनी बुलंदी पर कितनी मजबूती से लहराता है, स्वतंत्रता दिवस की बधाई।" इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए फिक्की की अध्यक्ष संगीता रेड्डी ने कहा, "प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत का संदेश और महत्व बहुत स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया और दिखाया कि एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत दुनिया के लिए भी बहुत बड़ा योगदान कर सकता है।" उन्होंने आगे कहा, "हम ऐसी दुनिया में रहते हैं, जहां सभी एक दूसरे पर निर्भर हैं और ऐसे में वैश्विक अच्छाई के लिए भारत का योगदान बढ़ना चाहिए। यह तभी हो सकता है, जब हम भीतर से मजबूत हों।" राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन का स्वागत करते हुए बायोकॉन की सीएमडी किरण मजुमदार शॉ ने कहा कि यह भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को एक डिजिटल रीढ़ देगा और भारत

SEARCH

search this site...




RELATED POSTS

No related posts were found

अभी अभी

ईरान पर दोबारा संरा प्रतिबंधों की मांग करता है अमेरिका : ट्रम्प (https://madhyapradeshtimes.com/other/33371/)
20 August, 2020

उम्मीद करता हूं CBI ने जैसे दाभोलकर मामले की जांच की वैसी जांच सुशांत मामले की नहीं होगी: शरद पवार (https://madhyapradeshtimes.com/bharat-india/33372/)

TO TOP ↑

के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। मणिपाल हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष सुदर्शन बल्लाल ने कहा, "आधुनिक नवाचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का स्वास्थ्य उद्योग पर भारी असर होगा। डिजिटल स्वास्थ्य सेवा, एआई और मेडिकल ऐप को सही मायने में देश की स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल बदलाव लाने वाला माना जा सकता है।" डेलॉइट इंडिया की पार्टनर और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की दिग्गज हस्ती चारू सहगल ने कहा कि यह मिशन भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को अगले स्तर तक ले जाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मोदी ने अपने भाषण में कहा, "प्रत्येक भारतीय को एक स्वास्थ्य आईडी दी जाएगी। यह स्वास्थ्य आईडी प्रत्येक भारतीय के स्वास्थ्य खाते के रूप में काम करेगी।" उन्होंने बताया कि प्रत्येक मरीज की प्रत्येक बीमारी, परीक्षण और डायग्नोसिस, चिकित्सा रिपोर्ट इस स्वास्थ्य आईडी में संग्रहीत की जाएगी। अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के चेयरमैन प्रताप सी रेड्डी ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी और गैर-संचारी रोगों पर काबू पाना इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने में कई भारतीय कंपनियों ने उल्लेखनीय प्रगति की है और उम्मीद जताई कि एक साल के अंदर भारत में टीका होगा। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा, "प्रधानमंत्री के संदेश से देश को यह महसूस हुआ कि सरकार कोरोना वायरस की वैक्सीन का बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए एक व्यापक खाका तैयार कर रही है। प्रत्येक भारतीय की अच्छी सेहत एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है और देश को इसका फायदा मिलेगा।" जोहरी डिजिटल हेल्थकेयर लिमिटेड के संस्थापक और अध्यक्ष सत्येंद्र जोहरी ने कहा कि नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन व्यक्ति के मेडिकल रिकॉर्ड को डिजिटाइज करेगा, जिसे प्रभावी 'टेली-कंसल्टेंसी' को बढ़ावा मिलेगा और आयुष्मान भारत योजना के तहत आसानी से नकदी हस्तांतरण लाभ मिल सकेगा।

Source (https://navbharattimes.indiatimes.com/business/business-news/indias-self-reliance-will-determine-how-high-the-countrys-independence-is-waving/articleshow/77563451.cms)

**Share this:**

(https://madhyapradeshtimes.com/other/32455/?share=facebook&nb=1)

(https://madhyapradeshtimes.com/other/32455/?share=twitter&nb=1)

(https://madhyapradeshtimes.com/other/32455/?share=linkedin&nb=1)

(https://madhyapradeshtimes.com/other/32455/?share=pinterest&nb=1)

(https://madhyapradeshtimes.com/other/32455/?share=jetpack-whatsapp&nb=1)

(https://madhyapradeshtimes.com/other/32455/?share=telegram&nb=1)

(https://madhyapradeshtimes.com/other/32455/?share=email&nb=1)

(https://madhyapradeshtimes.com/other/32455/?share=reddit&nb=1)

20 August, 2020

**पश्चिम बंगाल में शराब होगी सस्ती, घटती बिक्री के चलते सरकार करेगी टैक्स कटौती (https://madhyapradeshtimes.com/other/33365/)**
20 August, 2020

**आयुर्वेदा में भाग्यश्री गावंडे ने की पीएचडी (https://madhyapradeshtimes.com/madhya-pradesh-bhopal-indore-jabalpur/33352/)**
20 August, 2020

**आवश्यक सावधानी बरतने की अपील (https://madhyapradeshtimes.com/madhya-pradesh-bhopal-indore-jabalpur/33354/)**
20 August, 2020

**एक माह पुराना क्षत विक्षत अवस्था में मिला युवक का शव (https://madhyapradeshtimes.com/madhya-pradesh-bhopal-indore-jabalpur/33356/)**
20 August, 2020

**छात्रवृत्ति के लिए परेशान हो रहे ओबीसी विद्यार्थी (https://madhyapradeshtimes.com/madhya-pradesh-bhopal-indore-jabalpur/33358/)**
20 August, 2020

**सिंधु भवन के लिए दान किया सोलर प्लांट (https://madhyapradeshtimes.com/madhya-pradesh-bhopal-indore-jabalpur/33360/)**
20 August, 2020

**स्व सहायता समूहों के जरिए आदिवासी महिलाएं बन रहीं आत्म निर्भर (https://madhyapradeshtimes.com/madhya-pradesh-bhopal-indore-jabalpur/33362/)**
20 August, 2020

**गुरैया सब्जी मंडी व गांधी गंज भी सोलर पैनल से होंगे रोशन (https://madhyapradeshtimes.com/madhya-pradesh-bhopal-indore-jabalpur/33366/)**
20 August, 2020

TO TOP ↑